Bharat Temples

लूट के ले गया दिल जिगर,
सांवरा जादूगर,
सांवरा मेरा सांवरा,
सांवरा मेरा सांवरा।।

मैं तो गयी भरने को,
यमुना पे पानी,
देख छवि नटखट की,
हुई मैं दीवानी,
उसने मारी जो तिरछी नज़र,
सांवरा जादूगर,
लुट के ले गया दिल जिगर,
सांवरा जादूगर।।

तान सुनी बांसुरी की,
सुध बुध मैं खोई,
भूल गयी लोक लाज,
बस तेरी मैं होई,
छोड़ के तुझ को जाऊं किधर,
सांवरा जादूगर,
लुट के ले गया दिल जिगर,
सांवरा जादूगर।।

बाँध ली रमण तुझसे,

आशा की लड़ियाँ,
है यही तमन्ना,
शेष जीवन की घडियाँ,
तेरे चरणों में जाए गुजर,
सांवरा जादूगर,
लुट के ले गया दिल जिगर,
सांवरा जादूगर।।

लूट के ले गया दिल जिगर,
सांवरा जादूगर,
सांवरा मेरा सांवरा,
सांवरा मेरा सांवरा।।

स्वर निकुंज कामरा।

Source: https://www.bharattemples.com/loot-ke-le-gaya-dil-jigar-sanwara-jadugar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw